हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार 12 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

12 श्रीकृष्ण गोशाला, काबरेल में वार्षिक उत्सव मनाया



12 मनरेगा को खत्म करके ग्रामीण आंचल को मिलने वाली गांरटी...



## खबर संक्षेप

### शराब ठेके पर चोरी करने वाले आरोपी काबू

**हांसी।** बास थाना पुलिस ने शराब ठेके में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव भाटोल जाटान के शराब के ठेके से शराब व नगदी चोरी हुई थी और ठेकेदार की शिकायत पर बास बास में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच करते हुए एएसआई संदीप कुमार ने बास आजमशाह पुर निवासी अजय व संदीप उर्फ मोटू गिरफ्तार कर पकड़े गए दोनों आरोपियों से घटनास्थल की निशानदेही करवाई गई और आरोपी अजय से 900 रूपये व आरोपी संदीप से 850 रुपए की बरामद किए गए। दोनों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### ज्योति उत्सव संपूर्णता के उपलक्ष्य में हवन 13 को

**हिसार।** शांति नगर स्थित परमहंस श्री योग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर में ब्रह्मलीन श्रीयोग शब्दानंद महाराज व संत उपरामानंद महाराज के आशीर्वाद से नव वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे ज्योति उत्सव की संपूर्णता पर 13 जनवरी को महा हवन यज्ञ किया जाएगा। इस मौके पर संत रामानंद के सान्निध्य में प्रातः 7:30 बजे महा हवन-यज्ञ किया जाएगा जिसमें 108 विवाहित जोड़ों के साथ 108 कुंडीय महा हवन-यज्ञ किया जाएगा। हवन के समापन पर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### मोडाखेड़ा में कृत्रिम अंग जांच शिविर 13 को

**आदमपुर।** समाजसेवी संस्था चौधरी छबीलदास जांदू फाउंडेशन की ओर से दूसरे वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में 13 जनवरी मंगलवार को गांव मोडाखेड़ा में फ्री स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहयोगी चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर कृत्रिम अंग वितरण के साथ-साथ रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### सुंदरकांड प्रचारिणी सभा ने जरूरतमंदों बांटी रजाइयां

**आदमपुर।** आदमपुर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्रीरामचरितमानस सुंदरकांड प्रचारिणी सभा की ओर से गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को फिर 51 जरूरतमंद परिवारों को रजाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापार मंडल के उपप्रधान संदीप गोयल, सचिव कमल बंसल व अजीत जाखड़ द्वारा किया गया। इन जरूरतमंदों को रजाई वितरित की गई। सभा के प्रधान राजेंद्र भारती ने कहा कि प्रचारिणी सभा द्वारा कड़ाके की ठंड में असहाय जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर उन्हें गर्म वस्त्र वितरित किए जा रहे हैं।

## गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हुआ भव्य स्वागत

### कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गिनाईं विश्वविद्यालय की उपलब्धियां

*मुख्यमंत्री के परिसर में प्रवेश करते ही पूरा वातावरण 'जय हरियाणा' के नारों से गूंज उठा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शनिवार देर शाम हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजविप्रौवि) पहुंचने पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के परिसर में प्रवेश करते ही पूरा वातावरण 'जय हरियाणा' के नारों से गूंज उठा।

#### कुलपति ने किया भव्य स्वागत

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरसी राम बिश्नोई ने मुख्यमंत्री की अगवानी की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति ने मुख्यमंत्री को



विश्वविद्यालय की प्रगति की संक्षिप्त रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि शोध और नवाचार में भी देश के अग्रणी संस्थानों में शुमार हो रहा है।

#### गुजविप्रौवि की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा

बैठक के दौरान कुलपति प्रो. बिश्नोई ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय की हालिया उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अपनी 'ए+' ग्रेड की साख को बनाए रखने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

#### रिसर्च और पेटेंट

कुलपति ने जानकारी दी कि गुजविप्रौवि के वैज्ञानिकों ने हाल ही में कई महत्वपूर्ण पेटेंट हासिल किए हैं, जो कृषि और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होंगे।

#### इंफ्रास्ट्रक्चर विकास

परिसर में बनाए गए नए हॉस्टल और अत्याधुनिक लैब सुविधाओं के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

#### रोजगार के अवसर

कुलपति ने विश्वविद्यालय के मजबूत प्लेसमेंट सेल की प्रशंसा करते हुए बताया कि यहां के छात्रों को मल्टीनेशनल कंपनियों में रिकॉर्ड पैकेज मिल रहे हैं।

## दुकान में चोरी का प्रयास करते एक आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सदर बाजार स्थित एक जूतों में दुकान में दिनदहाड़े चोरी का करने वाले तीन युवकों में से दुकानदार ने एक चोर को काबू किया है। दुकानदार ने पकड़े गए चोर को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया।

**पुलिस दो और युवकों को पकड़ने में जुटी**

पुलिस पकड़े गए आरोपी से उसके दो साथियों के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है। दुकानदार ने बताया कि उसकी सदर बाजार में जगदंबा फूटवियर के नाम से जुतों की दुकान है और रविवार दोपहर वह अपनी दुकान पर मौजूद था कि इस दौरान उसे दुकान के उपर बने कमरे में कुछ



हांसी। चोरी की वारदात के प्रयास की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस।

हलचल महसूस हुई तो वह दुकान के उपर बने कमरे पर जा कर देखा कि तीन युवक कमरे में रखे सामान को चुराने का प्रयास कर रहे थे लेकिन उसे उपर आते देख वह छत के रास्ते वापस भागने लगे लेकिन उसने पीछा एक युवक को काबू लिया। दुकानदार ने बताया कि चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि दिन दहाड़े छत पर लगे लोहे व लकड़ी के दरवाजे को तोड़ कर दुकान में प्रवेश कर चोरी का प्रयास किया।

## सीजेआई के सम्मान में अधिवक्ताओं ने दिया एकता व अनुशासन का परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप बूरा।

- सीजेआई के सम्मान समारोह के सफल आयोजन पर जिला बार

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत के सम्मान में जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के आयोजक जिला बार एसोसिएशन हिसार से जुड़े अधिवक्ताओं द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, आपसी एकता और संयम की सभी जगह व्यापक सराहना की गई। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, सचिव एडवोकेट समीर भाटिया, उप प्रधान एडवोकेट विकास पूनिया, सह सचिव एडवोकेट सुनील भारद्वाज तथा कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुनील सहदेव सोनी ने संयुक्त रूप से सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत के सम्मान में आयोजित किए गए समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग और जिम्मेदार सहभागिता से आयोजन पूर्णतः सफल रहा। प्रधान संदीप बूरा और सचिव समीर भाटिया ने कहा कि सीजेआई का हिसार कोर्ट परिसर में मुख्यतिथि के रूप में आगमन अधिवक्ता समाज और खासकर पूरे हिसार के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा है। समारोह के दौरान बार-बेंच के बीच परस्पर सम्मान और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ख़ासकर आयोजन समिति, वरिष्ठ-युवा और महिला अधिवक्ताओं, न्यायालय प्रशासन, जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित अन्य सभी सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद किया।



## कैडेट्स और शिक्षकों को 21 दिन के योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

**हिसार।** थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी की प्रशासनिक अधिकारी मेजर अकांक्षा पांडे ने हबिल्ड योग प्लेटफ़ॉर्म पर 21 दिन का मुफ्त योग कार्यक्रम शुरू किया है। इस महीने से हिसार, फतेहाबाद, जींद, भिवानी व सिरसा के स्कूलों और कॉलेजों के एक से अधिक एनसीसी कैडेट, शिक्षक और स्टाफ प्रतिदिन योग सत्रों में भाग ले रहे हैं, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्वास्थ्य सुधरेगा। यह पहल मेजर पांडे की अटूट समर्पण भावना का प्रमाण है और एक स्वस्थ, अधिक लेजरवंत समाज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नियमित योग अभ्यास से प्रतिभागियों को उत्तरदायी नागरिक बनने, राष्ट्रीय उत्पादकता और विकास में सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा मिलेगी। आज के कैडेट और छात्र ही राष्ट्र की भविष्य की संपत्ति हैं, इसलिए यह कार्यक्रम हरियाणा के सामाजिक ढाँचे पर स्थायी प्रभाव डालने की क्षमता रखता है। मेजर पांडे ने कहा कि योग शरीर और मन दोनों को पोषित करता है, अनुशासन और एकता को बढ़ावा देता है। हम इस आंदोलन को समर्थन देने और सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने में गर्व महसूस करते हैं। इस अभियान का नाम 'करें योग, रहें निरोग' रखा गया है, जो स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## आरोपी से दो मोबाइल फोन बरामद, जेल भेजा

# ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच दें 96 लाख से ज्यादा ठगे

*पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी को सूरत से दबोचा*

*युवक ने एनसीसीआरपी पोर्टल पर की थी शिकायत*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस के तमाम जागरूकता अभियानों को धत्ता बताते हुए साइबर अपराधी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी के चलते शहर के एक नागरिक से इन साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर 96 लाख से ज्यादा की ठगी कर डाली। जब नागरिक का खाता खाली हुआ तो उसे ठगी का अहसास हुआ और एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत डाली। साइबर थाना पुलिस को शिकायत मिलते ही जांच शुरू हुई और पता चला कि साइबर ठगी करने वाले आरोपी अलग-अलग क्षेत्रों में रहकर अपना गिरोह चला रहे हैं। जांच का दायरा विस्तृत करते हुए पुलिस ने अनेक जानकारियां जुटाई और बड़ी सफलता हासिल करते हुए गिरोह के सक्रिय सदस्य रोहित शिवाभाई भुटानी को सूरत से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

**आरोपी अलग-अलग क्षेत्रों में रहकर अपना गिरोह चला रहे थे**

#### पोर्टल पर मिली शिकायत

जांच अधिकारी उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर थाना हिसार में एनसीसीआरपी पोर्टल से एक शिकायत प्राप्त हुई। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सेवानिवृत कर्मचारी है। उसे वट्सअप के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश पर अधिक लाभ का लालच देकर एक फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निवेश करवाया गया और विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा कर कुल 96 लाख 61 हजार 990 रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि आरोपियों ने एक संगठित गिरोह बनाकर वट्सअप कॉल, फर्जी निवेश कंपनी, नकली सेब रजिस्ट्रेशन तथा एक फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट के माध्यम से पीड़ित को विश्वास में लिया। पीड़ित को ग्रुप में जोड़ा गया, जहां निवेश पर भारी मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर और अधिक राशि निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। बाद में विभिन्न बहानों से अतिरिक्त रकम की मांग की जाती रही और अंततः पीड़ित का ट्रेडिंग अकाउंट फ्रिज कर दिया गया।




हिसार। पकड़ा गया ठगी का आरोपी। फोटो: हरिभूमि

#### सजगता ही सबसे बड़ा बचाव : एसपी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नई तकनीक के इस युग में सजग रहे, सजगता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तकनीकों के साथ-साथ उनका दुरूपयोग भी बड़ा है और साइबर अपराधी किसी ने किसी बहाने ऐसे ठगी कर लेते हैं। ऐसे में नागरिकों को सजग रहने की जरूरत है।

#### पहले पकड़ा एक आरोपी

पुलिस के अनुसार इस मामले में पहले एक अन्य आरोपी मेघा मार्डोलकर को कर्नाटक से गिरफ्तार कर 3 लाख 20 हजार रुपये और वारदात में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद किया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया है कि ये आरोपी अलग-अलग व्यक्तियों के नाम पर बैंक खाते और सिम कार्ड खुलवाकर उन्हें आगे गिरोह के अन्य सदस्यों को उपलब्ध कराते थे, जिसके बदले उन्हें कमीशन मिलता था।

#### विदेशों तक जुड़े हैं तार

पुलिस को जांच में पता चला है कि इस गिरोह के तार विदेशों तक जुड़े हैं। पुलिस को इसके महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। गिरफ्तार आरोपी रोहित शिवाभाई भुटानी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मिल्क प्लांट से बैटरी व दुकान से कॉपर वायर चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** चोरी के दो अलग-अलग मामलों में सीआईए हांसी व शहर थाना पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर थाना में तैनात हेड कांस्टेबल संदीप ने बताया गश्त पड़ताल के दौरान ढाणी सांकरी मिल्क प्लांट से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा जिले के गांव दूमोड़ा खेड़ी निवासी रवि व राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी कमलेश उर्फ कोकी के रूप में हुई है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से मिल्क प्लांट से चुराई गई बैटरी बरामद की गई। तथा चोरी को वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को भी कब्जा पुलिस में लिया गया। सीआईए पुलिस ने एक दुकान से कॉपर वायर चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पटेल नगर कालोनी निवासी रिंकू उर्फ मोटा व शिव व विकास नगर निवासी विजेंद्र उर्फ सांबा तथा चार कुतुब गेट निवासी प्रदीप उर्फ लाला के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए चारों आरोपियों के पास से 7000 रुपए बरामद हुए हैं। हैड कांस्टेबल मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपियों ने कुछ दिन पहले गांधी कॉलोनी स्थित एक इलेक्ट्रिक की दुकान से कॉपर वायर चोरी किया था। हैड कांस्टेबल मनोज ने बताया कि पकड़े गए एक आरोपी प्रदीप पर 40 से अधिक चोरी व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## मांग: 'संयुक्त कर्मचारी संघ ने बैठक करके किया ऐलान

# परिवहन मंत्री के आवास घेराव में शामिल होंगे रोडवेज कर्मचारी

*2016 के चालकों को अभी तक पक्का नहीं किया: अजय दूहन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की हिसार डिपो कार्यकारिणी की बैठक यहां हुई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान जोगिंद्र सिंह पंघाल, कार्यकारी प्रधान अजय दूहन एवं पूर्व डिपो प्रधान रामसिंह बिशनोई ने संयुक्त रूप से की जबकि डिपो सचिव सलीम सरसोद एवं राज्य सचिव दर्शन जांगड़ा ने संयुक्त रूप से संचालन किया। बैठक में पूर्व राज्यसचिव सुभाष ढिल्लो विशष रूप से शामिल हुए। डिपो प्रधान जोगिंद्र पंघाल ने बैठक में कहा कि 18 जनवरी को रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर परिवहन मंत्री अनिल विज के आवास के सामने निकाले जा रहे न्याय मार्च में संयुक्त कर्मचारी संघ पूरी तरह से शामिल होंगे। कार्यकारी प्रधान अजय दूहन ने बताया कि 2016 के चालकों को अभी तक पक्का नहीं किया गया है और कर्मचारियों की ढाई साल से नाइट पेंडिंग हैं। उनके ऊपर भी सरकार को समाधान करना चाहिए। जोगिन्द्र पंघाल ने 2016 के कर्मचारियों के पक्का करने की मांग, कर्मचारियों की रात्रि भत्ता बकाया, कर्मचारियों के अर्जित अवकाश, कर्मचारियों का रिस्क अलाउंस, चालकों परिचालकों का पे ग्रेड, कर्मशाला में कर्मचारियों की कमी सहित तमाम मुद्दों पर सरकार पर निशाना साधा। सुभाष ढिल्लो ने अपने वक्तव्य में कहा कि जब अनिल विज को परिवहन विभाग सौंपा उस समय कर्मचारियों में खुशी थी कि अब परिवहन विभाग को गब्बर नेता मिला है और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान जल्दी ही हो जाएगा लेकिन उसके विपरीत हुआ। कर्मचारियों को परिवहन मंत्री द्वारा निलंबित तो किया गया लेकिन एक भी कर्मचारी की समस्या का निदान पिछले एक—डेढ वर्ष में पद को संभालने के बाद परिवहन मंत्री द्वारा नहीं किया गया।



हिसार। बैठक को संबोधित करते वरिष्ठ नेता राम सिंह बिश्नोई।

#### सरकार कर्मचारियों को देती रहती है लॉलीपॉप

डिपो सचिव सलीम सरसौद ने बताया सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों की बात की जाए तो वो जायज बोलकर लॉलीपॉप दिया जाता है लेकिन धरातल पर किसी भी मांग को लागू नहीं किया जाता। इस अवसर पर सुरेश मलिक, संदीप सैनी, नागेंद्र जांगड़ा, मनोज वर्मा, लीलाराम, पवन, नरेश सोनी, जयप्रकाश, राजेश, रतनसिंह, नरेश, कृष्ण एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## निर्माण मजदूर 17 और 18 को मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव कर डालेंगे पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

निर्माण मजदूर यूनियन ने ऐलान किया है कि सरकार की गलत नीतियों व मजदूरों को फर्जी बताए जाने के खिलाफ 17 व 18 जनवरी को सभी मजदूर मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर पड़ाव डालेंगे। इसके लिए यूनियन ने तैयारियां तेज कर दी है। भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष राकेश गंगवा व फूल सिंह ने इस संबंध में निर्माण मजदूरों की बैठक ली। उन्होंने 17 व 18 को होने वाले प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर हिसार के किरतान, खारिया, कारपेंटर, मार्बल शाखा में निर्माण मजदूरों ओर मनरेगा मजदूरों बैठक कर संबोधित किया। भवन निर्माण कामगार यूनियन नेताओं ने कहा कि 14 दिसंबर को हजारों निर्माण मजदूरों ने कुरुक्षेत्र मुख्यमंत्री आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया था। इस पर मुख्यमंत्री के ओएसडी ने 15 दिन में निर्माण मजदूरों की समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया था, मगर एक महीना होने के बावजूद आज तक निर्माण मजदूरों की मांगो व समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, वही श्रम मंत्री अनिल विज ने श्रम कल्याण बोर्ड में फर्जी वर्कस्लिप का हवाला देकर 87 प्रतिशत निर्माण मजदूरों को फर्जी बताया हैं।



हिसार। महापड़ाव की तैयारियों बारे बैठक करते मजदूर। फोटो: हरिभूमि

#### बैठक में ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि 17 जनवरी को हिसार डीसी कार्यालय पर इकट्ठे होकर हजारों निर्माण व मनरेगा मजदूर मंत्री रणबीर गंगवा का आवास का घेराव करेंगे व आवास पर दिन रात का महापड़ाव डाला जायेगा। बैठकों में उपरोक्त के राकेश गंगवा, फूल सिंह, मनोज कुमार, राजेश, रामबीर खारिया व अनिल आदि भी मुख्य रूप से शामिल थे।



## सांस्कृतिक विरासत

हरियाणा के हिसार जिले में स्थित प्राचीन राखीगढ़ी एक महत्वपूर्ण सिंधु घाटी सभ्यता का स्थल है। यह भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा हड़प्पा स्थल है। इसे अब तक के सबसे बड़े ज्ञात नगरों में से एक माना जाता है, जहाँ प्राक्-हड़प्पा और परिपक्व हड़प्पा काल के प्रमाण मिलते हैं। इससे यह प्राचीन भारतीय सभ्यताओं की समझ के लिए महत्वपूर्ण है और इसे एक प्रतिष्ठित पुरातात्विक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# पारिवारिक संबंधों की सुदृढ़ नींव है पर्व 'संकरात'

**मकर संक्रांति का पर्व हरियाणा ही नहीं अपितु समस्त भारत में विभिन्न रूपों तथा नामों से मनाया जाता है। हरियाणा में इस अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में तीर्थ स्नान कर तिल-गुड़, तेल, आटा तथा रूई आदि दान करने का महत्व है जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है। लोक मान्यता के अनुसार स्नान-दान से संक्रांति काल का दु:प्रभाव नष्ट हो जाता है। पहले समय में हरियाणा में इस दिन सभी स्त्री-पुरुष, बाल-अबाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करते थे। जो सबसे पहले नहाने का सौभाग्य प्राप्त करता है, उसे 'परबी लूट' लेने का श्रेय मिलता है।**



पर्व

**डा. रमाकांता**



हरियाणा प्रदेश को पर्व-व्रतों का प्रदेश होने का भी गौरव प्राप्त है। यहां त्योहारों को प्रदेश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान प्राप्त है। सप्ताह के सातों दिन पर्व अथवा व्रत के रूप में मनाए जाते हैं। एक महीने में कृष्ण पक्ष तथा शुक्ल पक्ष, दो एकादशी, एक पूर्णिमा, एक अमावस्या व्रत होते हुए भी यहां पर्व तथा व्रतों की लम्बी श्रृंखला है, जिनमें कुछ पर्व ऋतु प्रधान हैं तथा कुछ ऋतु परिवर्तन पर आयोजित किए जाते हैं। ऋतुओं में सामण-फागण, तीज, होली तथा दुलेहन्डी प्रमुख हैं। इसी प्रकार ऋतु परिवर्तन के आधार पर मनाए जाने वाले पर्वों में बसन्त पंचमी तथा मकर संक्रांति (संकरात) विशेष रूप से जनमानस में मनाए जाते हैं। हरियाणा प्रदेश में मकर संक्रांति को स्नान-दान, पूजा तथा अर्चना करने के रूप में मनाया जाता है। संक्रांति का अर्थ है एक राशि का दूसरी राशि में प्रवेश करना। यह एक ज्योतिषीय आधारित भूगोलीय परिवर्तन होता है जिसका प्रभाव पर्यावरण पर भी पड़ता है। पर्यावरण तथा प्राकृतिक परिवर्तन का प्रभाव जनमानस के जीवन पर पड़ना भी स्वाभाविक है। इस स्थिति को सन्धि अथवा संक्रांतिकाल कहा जाता है। सूर्य, पृथ्वी लोक का प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। छह मास तक सूर्य उत्तरायण में तथा छह मास दक्षिणायन में होता है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में मकर राशि में आ जाता है। इसे पृथ्वी पर लोकमान्यता के अनुसार सूर्यसंक्रमण कहा जाता है। सूर्य की गतिनिर्धारित है इसलिए इनकी तिथियां भी निश्चित होती हैं। केवल लीप वर्ष में एक दिन का अन्तर पड़ जाता है।

मकर संक्रांति के दिन को पुराणों में महत्वपूर्ण माना गया है। इस समय देह त्यागने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाभारत में भीष्म पितामह ने शरशय्या पर उत्तरायण की कई दिनों तक की प्रतीक्षा की थी तथा उत्तरायण में ही इच्छा-मृत्यु प्राप्त की थी। 'संकरात' पर्व हरियाणा प्रदेश की लोक संस्कृति की ऐसी धरोहर है जो भविष्य में कभी लुप्त नहीं होगी। समय के कालचक्र का कई पारिवारिक तथा सामाजिक संस्कार ग्रास बन गए किन्तु मकर संक्रान्ति पर हरियाणा के प्रायः सभी वर्गों में घर-परिवार के बड़े-बुजुर्गों को मनाने अर्थात मान-सम्मान देने की पीढ़ी-दर-पीढ़ी परम्परा आज भी जीवित है। हरियाणा प्रदेश के पर्वोत्सवों की यह विशेषता है कि प्रत्येक त्योहार किसी न किसी मानवीय, पशु जीवों, देवी-देवताओं से संबंध रखता है। उदाहरण के लिए सावन बहू-बेटी के मान के लिए, 'देवोठनीग्यास' देवों के जागने, 'तुलसी विवाह', वनस्पति सम्मान, 'गोवर्धन', 'गोपाष्टमी', गऊ संवर्धन के लिए, 'रक्षाबंधन' भाई-बहन के लिए, होली के लिए, पिता-पुत्र के संबंधों, गूंगा नवमी, सर्पों की पूजा इत्यादि निश्चित हैं। इसी श्रृंखला में संकरात का महत्त्व और भी बढ़ जाता है।

इस पर्व का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि प्राचीन संयुक्त परिवार के दर्शन इनके निर्वहन में हो जाते हैं। परिवार में छोटे-बड़े की गरिमा का पूरा ध्यान रखा जाता है। एक दादा की वंशावली में 'प्रोटोकोल' का पूरा ध्यान रखकर यह पर्व मनाया जाता है। जैसे दादसरा, दादस, तायसरा, तायस, पित्तस, मौसस, फूफस आदि। यह पर्व सारे परिवार के सदस्यों को एक सूत्र में बांधने की परम्परा को दर्शाता है। दूसरा लाभ यह भी होता है कि यदि परिवार में किसी प्रकार का मन-मुटाव भी हो तो वह भी एक ही झटके में दूर हो जाता है। सभी इकट्ठे होकर हर्षोल्लास से संकरात मनाते हैं। बुजुर्गों के मनाने के लिए जाते समय महिलाएं वस्त्र, मिठाई, फलादि लेकर जाती हैं। जिस पुरुष अथवा महिला को मान-सम्मान देना होता है, उसे आदरपूर्वक चारपाई-कुर्सी पर बिठाकर, पांव छूकर सारा सामान, मान राशि सहित सौंप दिया जाता है। उसे बदले में बुजुर्ग से ढेर सारे आशीर्वाद मिलते हैं। परिवार के सभी सदस्य मिलकर भोजन तथा मीठे व्यंजनों का आनन्द लेते हैं।

**बुजुर्गों के मनाने के लिए जाते समय महिलाएं वस्त्र, मिठाई, फलादि लेकर जाती हैं। जिस पुरुष अथवा महिला को मान-सम्मान देना होता है, उसे आदरपूर्वक चारपाई-कुर्सी पर बिठाकर, पांव छूकर सारा सामान, मान राशि सहित सौंप दिया जाता है। उसे बदले में बुजुर्ग से ढेर सारे आशीर्वाद मिलते हैं। परिवार के सभी सदस्य मिलकर भोजन तथा मीठे व्यंजनों का आनन्द लेते हैं।**

मकर संक्रांति का पर्व हरियाणा ही नहीं अपितु समस्त भारत में विभिन्न रूपों तथा नामों से मनाया जाता है। हरियाणा में इस अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में तीर्थ स्नान कर तिल-गुड़, तेल, आटा तथा रूई आदि दान करने का महत्व है जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है। लोक मान्यता के अनुसार स्नान-दान से संक्रांति काल का दुःप्रभाव नष्ट हो जाता है। पहले समय में हरियाणा में इस दिन सभी स्त्री-पुरुष, बाल-अबाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करते थे। जो सबसे पहले नहाने का सौभाग्य प्राप्त करता है, उसे 'परबी लूट' लेने का श्रेय मिलता है। स्नान गांव के तालाब अथवा नदी या कुएं पर किया जाता था क्योंकि सबका तीर्थ स्नान करना संभव नहीं होता था। इसके बाद सभी युवा मिलकर गांव की गलियों तथा मैदानों की सफाई करते थे तथा कूड़ा-कर्कट (घास-फूस लकड़ी) आदि एक स्थान पर एकत्रित कर देते थे। उस कूड़े को जला कर सभी इर्द-गिर्द बैठकर आग सेंकते थे तथा ठंड कम करते थे। हमें अपने पूर्वजों पर गर्व होता है कि उन्होंने प्रत्येक पर्व के आयोजन के पीछे स्वस्थ और पर्यावरण की शुद्धि का विचार पहले रखा। संभवतः संकरात पर सफाई करने की योजना से प्रभावित होकर ही वर्तमान में स्कूलों व कॉलेजों में एनएसएस स्कीम चालू की गई होगी। गांव की सामूहिक सफाई, एक ही दिन, सबके द्वारा करने का इतना सटीक व सुन्दर उदाहरण किसी अन्य संस्कृति में मिलना संभवतः दुर्लभ है। संक्रांत के दिन एक पंथ दो काज सिद्ध होते हैं। एक तो सारे गाँव की सफाई, श्रम की बचत, दूसरा सामुदायिक एकता तथा सुदृढ़ भाईचारे की अभिव्यक्ति। इसके पश्चात् सब मिलकर गुड़-तिल का बना मिष्ठान ग्रहण करते हैं तथा सबमें बांटते हैं। आज भी यह प्रथा कहीं-कहीं प्रचलित है। इस दिन महिलाएं स्नानादि से निवृत्त होकर पीपल, बड़ तथा तुलसी की पूजा करती हैं तथा उनमें सम्बन्धित भजन तथा गीत गाती हैं। बड़ को अक्षय सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। सावित्री ने भी अपने पति के जीवनदान के लिए बड़-पूजन किया था। एक गीत इस प्रकार गाया जाता है -

*तैं चैड़ा चिकणा, तैं विरमा का पूत*
*तेरी डाली सींच के सदा पावैं हम सुख*

इस दिन महिलाएं घर में बढ़िया स्वादिष्ट भोजन बनाकर ब्राह्मणों को दान करती हैं। कभी-कभी भोज्य सामग्री जिसे जनभाषा में 'सिद्धा' कहा जाता है, मन्दिरों अथवा ब्राह्मणों को दान किया जाता है। इस दिन डेरों तथा मंदिरों में भंडारे भी लगाए जाते हैं जिसमें खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद बांटा जाता है। इस दिन खिचड़ी कबनाने के सन्दर्भ में त्रेतायुग की एक घटना प्रासंगिक है जो आज भी जनमानस में कही सुनी जाती है। इस घटना का सम्बन्ध गुरु गोरखनाथ से है।

### पौराणिक कथा में है वर्णन

गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) गोरखनाथ की तपस्थली है। एक पौराणिक कथा के अनुसार त्रेतायुग में गोरखनाथ भ्रमण करते-करते हिमाचल प्रदेश के 'ज्वालाजी' स्थान पर गए। वहां उन्हें महामाया ज्वालाजी ने भोजन पर आमंत्रित किया, किन्तु गोरखनाथ ने मांसाहार ग्रहण करने से इनकार कर दिया। उन्होंने ज्वालाजी को आग जलाकर तैयार रहने को कहा तथा स्वयं भिक्षा लेकर शीघ्र लौटने की कहकर भिक्षाटन हेतु चले गए। वे अनेक तीर्थों पर गए और अन्त में इरावती नदी के किनारे एक रमणीय स्थान पर एकान्त में तपस्या में लीन हो गए। यह वही स्थान है जहां आज गोरखपुर है। गोरखनाथ फिर कभी वापस ज्वालाजी नहीं गए। गोरखनाथ वहीं सरोवर तट पर एक आसन पर धूना लगाकर बैठ गए। गोरखनाथ की तपःस्थली के आस-पास की जनता में शीघ्र ही यह बात फैल गई कि एक तपस्वी खिचड़ी की भिक्षा लेने हेतु तपोवन में आए हुए हैं। सभी उनके भिक्षा पात्र (खप्पर) में खिचड़ी डालने लगे तथा दर्शन करने लगे। लोगों को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि असंख्य लोगों द्वारा खप्पर में खिचड़ी डालने पर भी खप्पर सदैव खाली रहता। जनता यह जान चुकी थी कि तपस्वी कोई साधारण पुरुष नहीं अपितु कोई चमत्कारी, सिद्ध व दिव्य पुरुष हैं। एक दिन गोरखनाथ ने स्वयं अपने हाथों से खिचड़ी बनाई तथा प्रसाद रूप में जनता को बांटने लगे। असंख्य लोग उस प्रसाद को ग्रहण करते किन्तु खप्पर फिर भी भरा ही रहा। यह चमत्कार मकर संक्रांति को हुआ। यह उपक्रम निरन्तर चालू रहा तथा आगे चल कर इस दिन विशेष मेला भी भरने लगा। गोरखनाथ ने जनता को इच्छानुसार बोरियाँ भरकर खिचड़ी ले जाने को कहा। खप्पर से असंख्य लोग खिचड़ी ले गए किन्तु खप्पर यथावत भरा ही रहा। आज भी गोरखपुर में उसी परम्परा का निर्वहन हो रहा है तथा प्रति वर्ष मकर संक्रांति को यहां पर भव्य खिचड़ी (खिच्चड़) मेला आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर भक्तजन दाल, चावल की खिचड़ी का चढ़ावा चढ़ाते हैं तथा अपनी मन्नत पूरी होने की कामना करते हैं। निसंदेह आस्थावान व्यक्तियों की सभी कामनाएं इस धूने पर मत्था टेकने से पूर्ण होती हैं। इस स्थान को धर्मनाथ पंथ (बारह पंथ में एक पंथ) का 'मथ्या टेक' भी कहा जाता है।

संकरात पर अपने घर के बुजुर्गों को 'मनाने के लिए' जाते समय महिलाएं जकड़ी गीत गाती हुई जाती हैं। उदाहरण स्वरूप जकड़ी गीत दृष्टव्य है-

*सास मनै राजी बोलिए, राजी बोलिए*
*मां-बाप छोड़ कै आई*
*बहु ए तनै राजी बोलूं ना, राजी बोलूं ना*
*मेरी धुर की तील ना ल्याई*
*रे बहु जगाई जागी कोन्या आपे चाकी झोई*
*पीस छाण कै चढ़ी चुबारे, फिर बी सूती पाई।*

---

गीत | त्रिलोक चंद फतेहपुरी



## अनेकता में एकता

अनेकता मैं एकता, या देख हिंदुस्तान मैं ।
जात धर्म रंग रूप सभ, मिलै एक मिजान मैं ।।

हर प्रदेश की भाषा न्यारी कई ढाळ की बोली सै ।
म्हारी हिंदी सभ भाषा की बण कै रही बिचौली सै ।
गाम शहरां की हमजोली सै, हरदम रहती ध्यान मैं ।
अनेकता मैं एकता, या देख हिंदुस्तान मैं ।।

तीज -त्यौहार बरत -बड़ूले सभ के न्यारे न्यारे
कला संस्कृति रीति -रिवाज फैशन के अलग नजारे
एक दूजे के बने सहारे सुख दुःख के दरमियान मैं ।
अनेकता मैं एकता, या देख हिंदुस्तान मैं ।।

अपणे-अपणे खाण-पाण का लोग लेय चटखारा
मकई बाजरा लिट्टी चोखा इडली डोसा प्यारा
चावल खावै देश यो सारा, मजा मिले मिष्ठान मैं ।
अनेकता में एकता , या देख हिंदुस्तान में।।

कश्मीर से कन्याकुमारी चौपाटी से गौहाटी
वसुधैव कुटुंबकम की निभा रहे परिपाटी
भारत माता की माटी पावन पुनीत विधान मैं ।
अनेकता मैं एकता या देख हिंदुस्तान मैं ।
जात धर्म रंग रूप सभ मिले एक मिजान मैं ।।

---

लघुकथा | जयदेव राठी



## बुजुर्ग की सीख

गाम मैं एक बुजुर्ग आदमी रहै था। उसका नाम था रामसिंह। बुजुर्ग कै धौरै घणी जमीन थी, उनका एक ही बेटा था - धर्म सिंह।

धर्म सिंह बड़ा तेज था। पढ़ाई-लिखाई में होशियार तो था ए, पर उसनै घर के काम-धंधे का कुछ ना आवै था। ना उसनै खेत मै आणा जाणा पडा करता, ना ही उसनै न्यू बेरा था कि खेती क्यूकर करां करै सैं ।

एक दिन रामसिंह नै धर्म सिंह तै कहया, 'बेटा, तू पढ़-लिख ल्यो तो बोहत अच्छी बात सै, पर जमीन तै जुड़ना भी जरूरी सै। चल मेरे गेल्यां खेत्तां मैं।'

धर्म सिंह नै मन मसोस कै हां कर दी। रामसिंह उसनै खेत्तां में ले ग्या सारा दैन उन्नै धर्म सिंह ताईं मिट्टी, पाणी, फसल, अर मौसम के बारै मै बताया। धर्म सिंह नै सोच्या, 'यो सब तो बोहत आसान काम सै।' पर जब उसनै खुद हळ चलाण की कोशिश करी, तो उसकै हाथ मै छाळे पड़ गे।

रामसिंह मुस्कराया अर बोल्या, 'बेटा, किताबी ज्ञान अर धरती का ज्ञान दोन्नु जरूरी होवैं सैं। एक बिना दूसरै कै अधूरा सै।

उस दैन तै धर्म सिंह रोज थोड़ा-थोड़ा खेत्तां में काम करण लाग ग्या । उसनै समझ आ गी के असली ताकत तो मेहनत अर धरती तै जुड़े रहण मै सै। आज धर्म सिंह एक बड़ा अफसर सै, पर उसकै घर मैं उसकी अपणी छोटी-सी बगिया सै जित वो अपणे हाथ्थां तै सब्जी उगावै सै। बाबा की सीख उसनै हमेशा याद रहवै सै।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

विरासत | **यहाँ मिले 'हाकड़ा वेयर' संस्कृति के अवशेष इसे सरस्वती घाटी की सभ्यता से सीधे जोड़ते हैं**



# करवट लेता इतिहास है हिसार जिले का 'राखीगढ़ी'

सभ्यता | **दिनेश शर्मा 'दिनेश'**

हमें स्कूलों में यही पढ़ाया गया कि हमारी प्राचीनता के प्रमाण 'हड़प्पा' और 'मोहनजोदड़ो' विभाजन के बाद पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। भारतीयों के मन में एक कसक थी कि सिंधु घाटी सभ्यता की धड़कन सीमा के उस पार है, लेकिन हरियाणा के हिसार जिले के 'राखीगढ़ी' गाँव ने इस धारणा को अब पूरी तरह से बदल दिया है। माना जा रहा है कि हड़प्पा सभ्यता का शरीर भले ही पाकिस्तान में हो, लेकिन उसकी 'आत्मा' यानि उसकी 'राजधानी' हरियाणा की माटी में दबी हुई है।

पुरातत्व की दुनिया में राखीगढ़ी ने एक नई अवधारणा स्थापित कर दी है। ढेक्कन कॉलेज, पुणे के विख्यात पुरातत्व विशेषज्ञ प्रो. वसंत शिंदे और हरियाणा पुरातत्व विभाग के संयुक्त शोध ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह कोई सामान्य बस्ती नहीं थी। जहाँ हम हड़प्पा और मोहनजोदड़ो का गुणगान करते थे, वहीं राखीगढ़ी का फैलाव लगभग 5500 हेक्टेयर क्षेत्र में था। यह आँकड़ा इसे सिंधु-सरस्वती सभ्यता का सबसे विशाल नगर घोषित करता है। समय के पहिये को पीछे घुमाएं, तो कार्बन डेटिंग बताती है कि आरजीआर-6 से प्राप्त अवशेष 6500 वर्ष पुराने हैं। इसका मतलब यह हुआ कि जब मिस्र और मेसोपोटामिया की सभ्यताएं शैशवावस्था में थीं, तब हरियाणा के मैदानों में एक उन्नत समाज सांस ले रहा था। राखीगढ़ी की खुदाई में मिले साक्ष्य हमें उस दौर की 'इंजीनियरिंग' और 'लग्जरी' से रूबरू कराते हैं। यहाँ नियोजित सड़कें और गलियाँ मिली हैं, जिनकी चौड़ाई मुख्य मार्गों में अधिक तथा आवासीय क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम थी। ये राजस्थान के कालीबंगा की सड़कों से भी अधिक चौड़ी हैं। यह इस बात का सबूत है कि यहाँ व्यापार और आवागमन भारी मात्रा में होता था। खुदाई में यहाँ तांबे के औजार, टेराकोटा की प्रतिमाएँ, मनके तथा सोने–चाँदी के आभूषण प्राप्त हुए हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि राखीगढ़ी एक समृद्ध व्यापारिक केंद्र था। यहाँ के लोग कला-प्रेमी थे और उनका जीवन स्तर बहुत ऊंचा था। उपलब्ध साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि यहाँ आभूषणों का उपयोग और संभवतः निर्माण होता था, जबकि धातु-प्रसंस्करण के कुछ चरण अन्य हड़प्पा केंद्रों से जुड़े रहे होंगे। राखीगढ़ी का सबसे रोमांचक पहलू वह है, जो जमीन के नीचे सोया हुआ है। यहाँ कुल 9 टीले हैं। खुदाई के दौरान विशेषकर आरजीआर-7 में ऐसे कंकाल मिले हैं जो हमारे पूर्वजों की कहानी सुनाते हैं। सबसे अद्भुत खोज लकड़ी के ताबूत में मिला एक कंकाल है। 5000 साल पहले लकड़ी के ताबूत में अंतिम संस्कार करना एक विशिष्ट प्रथा थी, जो संभवतः किसी कुलीन या महत्वपूर्ण व्यक्ति के लिए अपनाई जाती होगी। इन कब्रों पर छतरियां बनाने की प्रथा के भी संकेत मिले हैं। कंकालों का सिर उत्तर दिशा की ओर रखा गया था और उनके पास खाने-पीने के बर्तन रखे गए थे, जो यह बताते हैं कि वे लोग मृत्यु के बाद के जीवन में भी विश्वास रखते थे। अब इन अवशेषों का डीएनए विश्लेषण यह राज खोलेगा कि 5500 वर्ष पूर्व लोगों की शारीरिक संरचना और खान-पान कैसा होता होगा।



**वास्तव में राखीगढ़ी के टीले महज मिट्टी के ढेर नहीं हैं; ये हमारे स्वाभिमान के स्तंभ हैं। यह महोत्सव और यहाँ चल रहा शोध कार्य आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाता रहेगा कि सभ्यता का सूर्य पश्चिम से नहीं, बल्कि भारत की इसी धरती से उदित हुआ था। डॉ. चंद्र त्रिखा के शब्दों में कहें तो, विसंगतियों से भरे इस उपमहाद्वीप में, राखीगढ़ी ने हमें हमारा खोया हुआ गौरव लौटा दिया है।**

इतिहासकार इस बात पर सहमत हैं कि यह शहर अब विलुप्त हो चुकी सरस्वती, दृषद्वती और उसकी सहायक नदियों के प्रवाह क्षेत्र में बसा था। यहाँ मिले 'हाकड़ा वेयर' संस्कृति के अवशेष इसे सरस्वती घाटी की सभ्यता से सीधे जोड़ते हैं। यहाँ पानी की निकासी के लिए पक्की नालियां और सोख्ता गड्ढे मिले हैं, जो बताते हैं कि वे जल-संरक्षण और स्वच्छता के प्रति कितने जागरूक थे। मई 2012 में जब 'ग्लोबल हेरिटेज फंड' ने राखीगढ़ी को एशिया के उन 10 विरासत स्थलों में शामिल किया, जिनके नष्ट होने का खतरा था, तो यह एक चेतावनी थी। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। हाल ही में आयोजित 'राखीगढ़ी महोत्सव' में लाखों लोगों ने शिरकत की और अपनी आँखों से 5000 साल पुरानी दीवारों को देखा। हरियाणा सरकार ने इस स्थल के संरक्षण और विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक अनुदान घोषित किया है। यहाँ एक विश्व स्तरीय संग्रहालय और शोध केंद्र बन रहा है, जिसकी देखरेख का दायित्व हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी को सौंपा गया है।

---

# नाकामियों से डरना नहीं चाहिए : सुशील दहिया

कलाकार | **डॉ. तबस्सुम जहां**



पिंक फिल्म के रंजीत शेरावत, 'रॉक स्टार' के कॉप, 'नो वन किल्ड जैसिका' के आरडी सर, 'थप्पड़' फिल्मके रोमेश सबरवाल, 'बैंड बाजा बारात' फिल्म के ब्रिगेडियर, 'तलवार' के लॉयर, 'मुखबिर' फिल्म के हिदायत अली, 'रेड 2' के चीफ़ मिनिस्टर व 'गोल्ड' के बलदेव सिंह का प्रमुख किरदार निभाने वाले सुशील दहिया अभिनय की दुनिया में अपनी सशक्त पहचान बना चुके हैं।

इन्होंने बॉलीवुड में अमिताभ बच्चन, इरफ़ान खान, सैफ अली खान, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, रणदीप हुड्डा, प्रकाश राज, विद्या बालन, अनुष्का शर्मा, जैसे नामी कलाकारों के साथ काम करके अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। बता दें कि अभिनेता सुशील दहिया हरियाणा की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली उन गिनी-चुनी शख्सियतों में से एक हैं जिन्होंने बॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि विदेशी फिल्मों में भी नाम कमाया है। अपनी ग़ज़ब की अंग्रेज़ी बोलचाल की शैली और अभिनय के कारण इनको हरियाणा के 'सईद जाफ़री' के नाम से भी जाना जाता है। सुशील दहिया का अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के स्तर तक पहुंचने का सफर बहुत अच्छा रहा। इसमें उन्हें कुछ चैलेंज ज़रूर आए पर जल्द ही उन्होंने उन पर क़ाबू पा लिया। हालांकि, जिस दौर में वह अभिनय की दुनिया में आए, उस समय हरियाणा में इतना काम नहीं हो रहा था। चूँकि उनकी शुरुआत दिल्ली में रंगमंच से हुई थी, इसलिए हरियाणा में काम की कमी से उन पर ज़्यादा फ़र्क़ नहीं पड़ा। सुशील ने नेशनल व इंटरनेशनल दोनों स्तर पर काम किया है और अपनी बुलंदी के झंडे भी गाड़े हैं। इनका मानना है कि दोनों में ही मूलभूत अंतर है। अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शन वेल्यूज़ बिल्कुल अलग हैं। वहां उच्च दर्जे की प्रोफेशनलिज्म मिलती है। कोई बड़ा छोटा एक्टर नहीं, बल्कि सभी को तक़रीबन एक समान सम्मान मिलता है। इसके विपरीत राष्ट्रीय लेवल में "लीड कास्ट" का वातावरण होता है। हरियाणवी सिनेमा जगत के संदर्भ में ये मानते हैं कि हरियाणा में बेशक सिनेमा की ज़मीन तैयार हो गई है लेकिन निर्माता और दर्शकों की कमी के मामले में यहाँ काफ़ी काम किए जाने की ज़रूरत है। दर्शकों को अगर अच्छा सिनेमा देखने को मिलेगा तो वो इससे जुड़ जाएंगे। अब शायद हरियाणा प्रोड्यूसर्स को ऐतिहासिक कहानियों से आगे सामाजिक, आधुनिक परिस्थितियों पर सोच-विचार करना चाहिए। सुशील दहिया ने कई विदेशी फिल्मों में काम किया है लेकिन वह अपनी पृष्ठभूमि के लिए भी काम करना चाहते हैं। इसके लिए वह तीन साल से कोशिश कर रहे हैं। स्वयं सुशील दहिया के शब्दों में- 'मैं चाहता हूँ कि हरियाणा में काम मिले। कोई यूँ कह के टाल देता है कि महंगे होंगे, कोई यूँ कहकर कि इतना ज़्यादा अनुभव नहीं चाहिए। मगर बात कोई नहीं करता और मुझसे डायरेक्ट बात किए बगैर ही दूर रहतें हैं।' कैरियर के शुरुआती दौर के संदर्भ में उन्होंने बताया कि उनकी सबसे ज्यादा मदद उनके ख़ुद के अनुशासन ने की। इसके अलावा कई अच्छे लोगों ने भरपूर मदद की, पर किसी व्यक्ति विशेष का नाम लेना उचित नहीं हैं। सबसे ख़ास बात यह है कि अभिनय के क्षेत्र में इतना अच्छा करने पर भी अभिनय का इन्होंने कोई ख़ास प्रशिक्षण नहीं लिया। बस स्कूल और कॉलेज में जो सीखा, वही उनके काम आ रहा है। इसलिए वह अनुभव को ही अपने अभिनय के प्रशिक्षण के तौर पर देखते हैं। यही वजह है कि बॉलीवुड में इनके पास काम की कोई कमी नहीं है और इन्होंने आने वाले समय में भी कई अच्छ-अच्छे प्रोजेक्ट साइन किए हैं। इसके बावजूद सुशील हरियाणवी सिनेमा के प्रति अपने ज़ज्बे को बरकरार रखते हुए उसमें भी एक अभिनेता के रूप में काम करना चाहते हैं। बॉलीवुड में अभिनय के जो सशक्त हस्ताक्षर हैं, उनमें अधिकांश के साथ इनको काम करने का अवसर मिला है।





**हरियाणा में सिनेमा के क्षेत्र में आगामी पीढ़ी को वह संदेश देते हैं कि उन्हें मेहनत से नहीं डरना चाहिए और न ही अपनी नाकामियों से। जब कामयाबी मिल जाए तो अपने पैर ज़मीन पर ही रखने चाहिए। सदा सैट पर अपनी पूरी तैयारी के साथ जाना चाहिए। सैट पर सभी की इ़ज़्ज़त करना चाहिए और भाव नहीं खाना चाहिए।**

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सप्लायर महिला सहित एक युवक काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने अलग-अलग जगहों से हेरोइन सप्लाई करने के मामले में महिला सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी ने बताया कि 10 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में संलिप्त सप्लायर आरोपी अनिल कुमार निवासी मंगलम विहार कॉलोनी संगरिया राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बीती 4 दिसंबर 2025 को एंटी नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम ने ओमप्रकाश निवासी परमार्थ कॉलोनी सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त हैरोइन अनिल कुमार से लेकर आया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मामला दर्जकर जांच शुरू की गई थी।

### स्वयंसेवकों को पढ़ाया नैतिकता का पाठ

हरिभूमि न्यूज. ओढां। पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय ओढ़ा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को योग अभ्यास करवाया गया। शिविर में पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी हरमेल सिंह पहुंचे। उन्होंने स्वयंसेवकों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया और कहा कि अगर हम बड़े लोगो का आदर व सम्मान करते हैं तो वही सम्मान हमें भी वापिस मिलता है। इसलिए हमें अक्सर बूढ़ों में बीमार व्यक्तियों की सेवा करनी चाहिए। आज शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगमालवाली के प्राचार्य रामस्वरूप उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय के कमरों व विद्यालय प्रांगण की सफाई की गई। प्राचार्य विक्रमजीत सिंह, कार्यक्रम अधिकारी मांगे राम व अन्य मौजूद रहे।

### लोहड़ी के उपलक्ष्य पर लगाया दूध का भंडारा

**सिरसा।** शहर के रेलवे फाटक के पास रविवार को मार्केट के दुकानदारों, रेहड़ी वालों द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से दूध का लंगर लगाया गया, जिसे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से ग्रहण किया। यातायात प्रभारी भूप सिंह ने कहा कि लंगर की सेवा सबसे बड़ी सेवा है इससे जहां सेवा होती है वहीं आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। इस मौके पर मोंटी गुप्ता, अश्वनी अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

---

बेसहारा पशु और स्ट्रीट डाग्स लोगों के लिए खतरा बने

# सड़कों पर गोवंश टक्कर मारकर जान लील रहे, कहीं कुत्ते हमला कर लोगों को नोंच रहे

■ कुत्तों के हमले का शिकार बने लोग मुआवजे से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फॉलो अप

शहर की गलियों से लेकर गांवों तक पशुओं का आतंक है। कहीं सड़क पर गोवंश टक्कर मारकर जान लील रहे हैं तो कहीं कुत्ते हमला करके नोच रहे हैं। इन मामलों में मुआवजे का प्रावधान है, जिसके लाभ से कुत्ते के हमले का शिकार पीड़ित वंचित हैं। इसकी एक मुख्य वजह जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता है। दरअसल, सरकार की दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-2 है।

पशु की टक्कर से मौत, दिव्यांगता, कुत्ते के दांत गड़ाने से लेकर गंभीर जख्मी करने पर वित्तीय सहायता मिलती है। स्वास्थ्य विभाग अभी तक कुत्तों के काटने वाले पीड़ितों का मेडिकल रिकॉर्ड नहीं रख रहा है। ओपीडी पर्ची पर न तो जख्म का माप लिख रहे हैं और न ही एमएलआर काट रहे हैं। पीड़ित भी दयालु-2 योजना के प्रति जागरूक नहीं हैं। जिले के अस्पतालों में रोजाना 15 से 20 नये डॉग बाइट का शिकार पीड़ित उपचार करवाने आते हैं।

इनमें 50 फीसदी बीपीएल कार्ड धारक होते हैं। उच्च न्यायालय के उक्त मामलों में विशेष निर्देश हैं, जिन्हें लागू करने के लिए जिला स्तर पर कमेटी गठित है।






**फतेहाबाद।** शहर में घूमते आवारा कुत्ते, नागरिक अस्पताल फतेहाबाद तथा कुत्तों के काटने से बना घाव। *फोटो : हरिभूमि*

### कुत्ता एक दांत गाड़े तो 10 हजार का मिलता है मुआवजा

*उच्च न्यायालय के जारी निर्देश अनुसार कुत्ते के काटने पर प्रति दांत के निशान पर न्यूनतम 10 हजार मुआवजा दिया जाएगा। मांस फटने या गहरे घाव में न्यूनतम 20 हजार रूपये प्रति 0.2 सेंटीमीटर घाव के लिए मुआवजे का प्रावधान है। मृत्यु पर पांच लाख तक वित्तीय सहायता मिलेगी। आवारा कुत्ते के काटने पर प्रशासन व पालतू कुत्ते के काटने पर पशु मालिक को मुआवजा देना पड़ेगा।*

### पर्ची पर न जख्म का माप अंकित न काट रहे एमएलआर

*नागरिक अस्पताल में डॉग बाइट का शिकार पीड़ितों से बातचीत की। उनकी ओपीडी पर्ची को देखा लेकिन किसी में भी जख्म का माप दर्ज नहीं मिला। न उनकी एमएलआर काट रखी थी। पर्ची पर एंटी रेबीज वैक्सीन व पुनः टीके कब लगने हैं, अंकित मिले। उनसे दायलु-2 योजना के बारे में पूछा तो जवाब मिला कि जानकारी नहीं है। अस्पताल में कहीं भी पोस्टर चस्पा नहीं है। नागरिक अस्पताल में कुत्तों के काटने पर जख्म धोने की व्यवस्था नहीं है। एनएचएम के तहत वॉशर लगाने के लिए फंड मिलता है लेकिन इसको लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है। ऐसे में अधिकांश पीड़ितों को जख्म घर जाकर धोना पड़ता है।*

### पीपीपी में पंजीकरण होना जरूरी

दयालु-2 योजना के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। कुत्ते के काटने या आवारा पशुओं जैसे गाय, सांड, बैल, गधे, नीलगाय, जंगली और लावारिसा जानवर आदि के हमले से होने वाली आकस्मिन मृत्यु, चोट या स्थायी विकलांगता के मामले में वित्तीय सहायता मिलेगी। पात्र हरियाणा निवासी और परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत होना चाहिए, सालाना आय 1.80 लाख से कम हो। मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में पीड़ित की आयु के आधार पर 1 लाख से 5 लाख तक की सहायता मिलेगी। 90 दिन में सीएमओ की रिपोर्ट, मेडिकल डिस्चार्ज रिपोर्ट, विकलांगता प्रमाण पत्र या मृत्यु प्रमाण पत्र, डीडीआर रिकॉर्ड के साथ दायलु-2 पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

---



**फतेहाबाद।** कबीर बस्ती में तलाशी अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम

# पुलिस ने कबीर बस्ती का कोना-कोना खंगाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

■ पुलिस कर्मचारियों ने संदिग्ध लोगों की पकड़ कर तलाशी ली

शहर में नशा बिक्री को लेकर गुरूनानकपुरा के बाद कबीर बस्ती का नाम आता है। यहां नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने कबीर बस्ती में सघन तलाशी अभियान चलाया। अभियान में डॉग स्क्वॉड टीम, कमांडो टीम और स्थानीय पुलिस बल को तैनात किया गया, ताकि नशा तस्करी, अवैध असलहा और अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा गांव नकटा में भी पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया गया।

थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि सूचना के आधार पर यह तलाशी अभियान नियोजित किया गया था। टीम ने इलाके में घेराबंदी कर संदेहित व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। डॉग स्क्वॉड टीम के साथ की गई तलाशी के दौरान कुछ स्थानों पर संदिग्ध सामग्री मिलने की भी सूचना थी। पुलिस ने सभी गतिविधियों को नियमानुसार किया और किसी भी तरह की अनियमितता की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की।

अभियान के दौरान पुलिस ने इलाके के स्थानीय निवासियों से भी संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और उन्हें नशा तस्करी तथा अन्य अपराधों के खिलाफ सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध स्थानों पर छानबीन करते हुए किसी भी अवैध नशीले पदार्थ या संदिग्ध सामग्री की सघन तलाशी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों के मनोबल को तोड़ना और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

---

कांग्रेस विधायक ने पूर्व मंत्री को दिया जवाब

# बबली के बनाए जोहड़ भैंसों के लिए नहीं, ठेकेदारों के लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली द्वारा कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह को बोझ बताने के बयान ने अब तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह ने अब इस पर जोरदार पलटवार किया है। परमवीर सिंह ने कहा कि एक आदमी को गलत बोलने की आदत पड़ गई है। विधायक ने कहा कि बबली के मंत्री रहते हरियाणा में जो जोहड़ बनाए गए है वे जोहड़ भैंसों के लिए नहीं बनाए गए ये जोहड़ निजी ठेकेदारों के लिए बनवाए है। इस बात का पता तो आप गांवों में जाकर लोगों से कर सकते है कि ये जोहड़ और कम्युनिटी सेंटर ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाए गए है।

इस दौरान परमवीर सिंह ने बबली के हर आरोप का जवाब दिया जिसमें बबली ने कहा कि था कि विधायक टोहाना के लिए बोझ है। परमवीर ने कहा कि वे टोहाना के हर मुद्दे को विधानसभा में उठा रहे हैं। विधानसभा सत्र के दौरान टोहाना को जिला बनवाने, टोहाना में यूनिवर्सिटी बनवाने, जमालपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम गुरु तेग बहादुर जी के नाम से करने, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, किसानों को फसल का उचित मुआवजा देने सहित कई मुद्दे उठा चुके है। परमवीर सिंह ने कहा कि टोहाना को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर वे सीएम को ज्ञापन भी दे चुके है। कांग्रेस विधायक ने बबली पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वे पंचायत मंत्री थे तो उन्होंने पंचायतों के काम ठेकेदार से करवाने के निर्णय लिया जिसके चलते पंचायतों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मैने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए विकास कार्य पंचायतों के माध्यम से करवाने की मांग रखी है।



**टोहाना।** बातचीत करते कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह।

■ परमवीर सिंह ने कहा कि टोहाना को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर वे सीएम को ज्ञापन भी दे चुके है

---

# 180 बेटियों ने मनाई अपनी पहली लोहड़ी

■ लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम लोहड़ी से पहले रविवार को धूमधाम व पूरे रीति रिवाज के साथ अरोड़वंश धर्मशाला में मनाया गया। इस अवसर पर 180 बच्चियों ने अपनी पहली लोहड़ी संस्था के साथ मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, अरोड़वंश महासभा प्रधान आजाद सचदेवा ने बच्चियों के साथ लोहड़ी जला कर किया। अतिथियों ने इस अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।




**फतेहाबाद।** कार्यक्रम में बेटियों को सम्मानित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### संस्था का समाज उत्थान में अहम योगदान : जोड़ा

*मुख्य अतिथि प्रवीण जोड़ा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था सही मायने में समाज के उत्थान में जागरूकता में अपना एक अहम योगदान दे रही है। कार्यक्रम में अभिभावक अपने बच्चों के साथ संस्था द्वारा बनाए गए सेल्फी स्टैंड में सेल्फी लेते नजर आए, वही 80 प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मंच में धूम मचा दी। कार्यक्रम मे 20 आशा -आंगनवाड़ी वर्कर व सामाजिक कार्यकर्तओं जो कार्यक्रम में 10 से अधिक बच्चियो को प्रोत्साहित कर लाये, उन्हें संस्था ने सम्मानित भी किया। संस्था अध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर, सुरेंद्र गाबा ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और कहा कि यह संस्था का लगातार 13 वां आयोजन है और अगले साल 10 जनवरी 2027 को यह कार्यक्रम 2026 में जन्मी बच्चियों के लिए फिर से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा महिला जिला अध्यक्षा डॉ. सुमन बजाज व अन्य मौजूद रहे।*

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महिला विंग अध्यक्ष अंजू बत्रा, रेनू जग्गा, डिंपल जग्गा, अनीता पूनिया, सुमन शर्मा, शीतल, सोनिया, मीनू मोंगा, अंजू मेहता रतिया, परम अरोड़ा, लवली मेहता, महेंद्र मदान, तिलक राज मोंगा, कुलदीप सचदेवा, रामनिवास, नवीन ललित सहित गणमान्य व्यक्ति एवं सदस्य उपस्थित रहे।

---

# थानों में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पुलिस द्वारा जिलेभर में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित थाना अभियान शुरू किया है, जो थानों की कार्यसंस्कृति और जनसेवा के स्तर को उन्नत बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल बनकर सामने आया है। इस अभियान के माध्यम से थाना परिसरों की स्वच्छता, रिकॉर्ड रख-रखाव और प्रशासनिक व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार को सभी थानों और चौकियों में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मिलकर कार्यालयीन व्यवस्थाओं का निरीक्षण, साफ-सफाई, पुरानी व अनुपयोगी सामग्री का निपटान और मरम्मत कार्य कर रहे हैं। इस पहल की खासियत यह है कि इसमें सभी स्तर के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर सामूहिक प्रयास कर रहे हैं, जिससे टीम भावना और कार्यकुशलता में सुधार हुआ है।

रविवार को सफाई अभियान में जुटे कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि सुव्यवस्थित और स्वच्छ कार्यस्थल न केवल पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाता है, बल्कि नागरिकों के लिए भी एक सकारात्मक और स्वागत योग्य माहौल तैयार करता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस पहल को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। अभियान के परिणामस्वरूप कई थानों में नागरिक सुविधाओं में सुधार स्पष्ट रूप से देखा गया है। स्वच्छ पेयजल, सुव्यवस्थित शौचालय, बैठने की उचित व्यवस्था और बेहतर रिसेप्शन प्रणाली से आमजन को अधिक सम्मानजनक और सहज अनुभव प्रदान किया है। फतेहाबाद पुलिस का मानना है कि साफ-सुथरा, अनुशासित और व्यवस्थित थाना परिसर समाज में भरोसा बढ़ाता है और सकारात्मक संदेश फैलाता है। इसी सोच के साथ यह अभियान जनता के अनुकूल, प्रभावी और जिम्मेदार पुलिसिंग की दिशा में निरंतर प्रयास के रूप में जारी रहेगा।



**फतेहाबाद।** थानों में सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

---

# कैबिनेट मंत्री व अरविंद शर्मा ने बार एसोसिएशन को दी बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रमों में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा तथा अरविंद शर्मा ने भी शिरकत की। बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया ने बताया कि नारनौंद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नारनौंद तथा हांसी में न्यायिक परिसर में अधिवक्ताओं के लिए एक-एक आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित करवाने की मांग दोनों कैबिनेट मंत्रियों के समक्ष रखी। प्रधान पवन रापड़िया ने बताया कि अधिवक्ताओं के अध्ययन एवं शोध कार्य को सुदृढ़ करने के लिए न्यायिक परिसरों में लाइब्रेरी की स्थापना अत्यंत आवश्यक है।

### लाइब्रेरी बनाने का दिया आश्वासन

बार एसोसिएशन की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व अरविंद शर्मा ने हांसी तथा नारनौंद बार एसोसिएशन को 11-11 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने तथा दोनों न्यायिक परिसरों में एक-एक लाइब्रेरी स्थापित करवाने का आश्वासन दिया। मंत्री बोली कि अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता, जिससे न्यायिक कार्य प्रणाली और अधिक सशक्त हो सके। कैबिनेट मंत्रियों के इस आश्वासन पर बार एसो. हांसी व नारनौंद के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया। प्रधान बोले कि यह सहयोग अधिवक्ताओं के लिए लाभकारी होगा व न्यायिक कार्यों को नई दिशा देगा।

---

एसपी बोले, व्हाट्सएप यूजर्स के लिए नया साइबर खतरा

# बिना ओटीपी भी अकाउंट हो सकता है हैक

■ 'घोस्ट पेयरिंग' ट्रिक से ठग ले रहे हैं अकाउंट का पूरा कंट्रोल, पुलिस की सख्त चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को व्हाट्सएप पर सक्रिय एक नए और गंभीर साइबर फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। एसपी का कहना है कि भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा 'घोस्ट पेयरिंग' नामक एक खतरनाक हैकिंग कैंपेन को लेकर चेतावनी जारी की गई है, जिसमें साइबर अपराधी बिना पासवर्ड, ओटीपी या सिम स्वैप के ही व्हाट्सएप अकाउंट को अपने कब्जे में ले लेते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस साइबर ठगी में अपराधी किसी परिचित कॉन्टैक्ट के नाम से व्हाट्सएप पर एक संदिग्ध लिंक भेजते हैं, जैसे देखो यह फोटो। जैसे ही यूजर इस लिंक पर क्लिक करता है, एक फर्जी फेसबुक या मीडिया व्यूअर पेज खुलता है, जो वेरिफिकेशन के बहाने मोबाइल नंबर डालने को कहता है। नंबर डालते ही हैकर्स व्हाट्सएप के 'लिंक्ड डिवाइस वाय फोन नंबर' फीचर का गलत इस्तेमाल कर अकाउंट को अपने डिवाइस से जोड़ लेते हैं। सिद्धांत जैन ने बताया कि इस तरीके से ठग बैकग्राउंड में छिपकर यूजर के पुराने मैसेज पढ़ सकते हैं, रीयल-टाइम चैट देख सकते हैं और यूजर की ओर से उसके कॉन्टैक्ट्स को फोटो, वीडियो या मैसेज भेज सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने सलाह दी कि आमजन किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और किसी बाहरी वेबसाइट पर अपना मोबाइल नंबर, ओटीपी या निजी जानकारी दर्ज न करें। व्हाट्सएप सेटिंग्स में जाकर नियमित रूप से 'लिंक्ड डिवाइसिस' सेक्शन चेक करें और यदि कोई अनजान डिवाइस जुड़ा दिखे तो तुरंत उसे लॉगआउट करें।



एसपी सिद्धांत जैन।

---



**डबवाली।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए सांसद सैलजा।

### मनरेगा को कमजोर कर रही सरकार : सैलजा

**डबवाली।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को डबवाली में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने पश्चिम बंगाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह बात अब देश से छिपी नहीं है कि चुनाव आते ही भाजपा सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ तेज कर देती है। विशेषकर उन राज्यों में जहां भाजपा की सरकार नहीं हैं, वहां इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल इसका स्पष्ट उदाहरण है, जहां चुनाव से पहले सरकार को अस्थिर करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि यह भाजपा का लोकतंत्र में अविश्वास दर्शाता है, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबों और वंचित वर्गों के साथ मजबूती से खड़ी रही है।

---

न्यूनत तापमान 4 और अधिकतम तापमान 12 से 14 डिग्री तक दर्ज किया गया

# घनी धुंध के बाद शहर में सुबह 11 बजे निकली तेज धूप

■ पिछले 15 दिनों से धुंध कोहरे और बादलवाही के कारण लोग घरों में दुबके थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद में कई दिन लगातार धुंध और शीत लहर चलने के बाद रविवार को सुबह 11 बजे तेज धूप निकली तो पिछले कई दिनों से भीषण ठंड का सामना कर रहे लोगों के चेहरे भी खिल उठे। हालांकि 11 बजे तक यहां गहरी धुंध छाई रही।

बाद में जैसे ही मौसम खुला कंपकपाती ठंड में अब तक घरों में दुबके लोगों ने घरों से बाहर निकल कर पार्कों में धूप का मजा लिया। इससे पूर्व यहां पिछले 10 दिनों से बादल व घनी धुंध छाई हुई थी। सूर्य देवता के दर्शन तक लोगों को नहीं हो पा रहे थे। दरअसल शनिवार रात फतेहाबाद में रात और दिन के तापमान में 8 डिग्री का ही अंतर रह गया था। यहां न्यूनतम तापमान 4 और अधिकतम तापमान 12 से 14 डिग्री तक दर्ज किया गया।

यह सामान्य से 6.5 डिग्री कम है। बादल छाए रहने से रात का तापमान 4.2 डिग्री बढ़ गया। बता दें कि मौसम विभाग ने बारिश की भविष्यवाणी की थी लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के आगे निकल जाने के कारण यहां बारिश तो नहीं हुई लेकिन हलकी फुहारों व औंस से ठंडक काफी बढ़ गई थी। पिछले 15 दिनों से धुंध कोहरे और बादलवाही के कारण लोग घरों में दुबके थे। जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया था। रेलगाडिय़ां या तो देरी से पहुंच रही हैं या फिर रद्द हो गई हैं। ठंडक बढने से अस्पताल में भी मरीजों की संख्या बढ़ गई है। रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत जरूर मिली है।

### मौसम 13 तक खुश्क रहने की संभावना

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि प्रदेश में मौसम आमतौर पर 13 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है व बारिश के कोई आसार नहीं है। इस बीच उत्तर पश्चिम शीत हवाएं चलने से रात्रि तापमान में हल्की गिरावट आएगी वहीं दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। राज्य में अलसुबह व देर रात्रि को हल्की से मध्यम धुंध छाई रहेगी। बीच बीच में हल्की से मध्यम गति से शीत हवाएं चलने की भी संभावना है।



**फतेहाबाद।** पार्क में बैठकर धूप का आनंद लेते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप



हिसार। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी।

### हाउस ऑफ ईव ग्रुप ने मनाई लोहड़ी

**हिसार।** हाउस ऑफ ईव ग्रुप की ओर से सुनीता जिंदल की अध्यक्षता में लोहड़ी पर्व का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास, उल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर उत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत लोहड़ी की पावन अग्नि प्रज्वलन के साथ की गई, जिसके बाद सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं।



हांसी। रास्ते में मिले मोबाइल व पर्स को लौटाता एएसआई राजीव कुमार।

### पुलिस कर्मी ने दिया ईमानदारी का परिचय

**हांसी।** गश्त पड़ताल के दौरान रास्ते में पड़े मिले मोबाइल फोन व पर्स को असल मालिक को वापस लौटा कर एएसआई ने ईमानदारी का परिचय दिया है। अनाज मंडी हांसी में तैनात एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि रविवार सुबह गश्त के दौरान उन्हें रास्ते में एक मोबाइल फोन और पर्स बरामद हुआ। पर्स में कुछ रुपए भी थे।



हिसार। कैंप में उपस्थित आयोजक व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### न्योलीकलां में लगाया निशुल्क कैंप

**हिसार।** श्री लक्ष्मी प्रॉपर्टी एडवाइजर एवं बाबा निहालचंद सेवादल पटीकरा की ओर से गांव न्योली कलां में रेड क्रॉस के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क कैंप लगाया गया। इसमें 125 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। कैंप में खाने का प्रबंध सत्यवान शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुशील कुमार ढांडा, अनूप शर्मा टेंट वाला, सत्यवान शर्मा, मुकेश कुमार राजलीवाल व बबलू राजलीवाल का योगदान रहा।

### 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने चमकाई एक और दीवार

**हिसार।** हमारा प्यार हिसार की टीम सर्द रविवार की सुबह एक बार फिर घरों से निकली, शहर की एक और दीवार को नया रूप देने के संकल्प के साथ। टीम ने केनाल कॉलोनी की बदरंग हो चुकी बाहरी दीवार को संवारने का बीड़ा उठाया।

# श्रीकृष्ण गोशाला, काबरेल में वार्षिक उत्सव मनाया

## केशव माधव धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्रीकृष्ण गोशाला में पहुंचे अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

काबरेल स्थित श्रीकृष्ण गोशाला, गो-संवर्धन एवं अनुसंधान केंद्र में 14वां मकर संक्रांति एवं वार्षिक उत्सव पारंपरिक उल्लास, वैदिक चेतना और आधुनिक अनुसंधान के संगम के साथ भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गौ-संरक्षण, जैविक कृषि और ग्रामीण आजीविका के सतत मॉडल को समाज के समक्ष सशक्त रूप से प्रस्तुत करना रहा। कार्यक्रम में उद्योगपति राकेश बंसल मुख्य अतिथि व हिसार के मेयर प्रवीण पोपली विशिष्ट अतिथि रहे। आरएसएस के अखिल भारतीय गो-सेवा प्रमुख अजित महापात्रा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे जबकि श्री कृष्ण प्रणामी बाल सेवा आश्रम, कैमरी के संचालक स्वामी राजदास महाराज का विशेष सानिध्य रहा। मुख्य वक्ता अजित महापात्रा ने कहा कि गौ-संवर्धन केवल धार्मिक भाव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समाधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचगव्य, जैविक खेती और गो-आधारित अनुसंधान भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस धुरी हैं। उनका जोर इस बात पर रहा कि "गो-सेवा तभी सार्थक है, जब वह रोज़गार सृजन, मिट्टी-जल संरक्षण और स्वास्थ्य संवर्धन—तीनों को एक साथ साधे। कार्यक्रम में यह भी स्मरण कराया गया कि गोशाला का भूमिपूजन 19 जुलाई 2011 को परम पूज्य डॉ. मोहन भागवत द्वारा किया गया था—जो इस केंद्र की वैचारिक दिशा और राष्ट्रोपयोगी दृष्टि का प्रमाण है। गौशाला परिसर में 32 एकड़ क्षेत्र में जैविक खेती संचालित है। यहां केंचुआ खाद, गोबर गैस प्लांट, पंचगव्य अनुसंधान, तथा 80 से अधिक औषधीय पौधों पर निरंतर शोध कार्य हो रहा है। यह केंद्र परंपरा और विज्ञान के संतुलन का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। विशेष उल्लेखनीय है कि पंचगव्य एवं जैविक खेती के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सैकड़ों युवाओं को व्यावहारिक कौशल मिला है, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोज़गार एवं स्वरोज़गार के अवसर प्राप्त हुए हैं। यह पहल ग्रामीण युवाओं के लिए टिकाऊ करियर-पाथ तैयार कर रही है—कम लागत, अधिक मूल्य और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टि के साथ।

■ गो-संवर्धन से आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त संदेश



हिसार। कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### उद्योग-समाज सहभागिता जरूरी

मुख्य अतिथि राकेश बंसल ने गौशाला के मॉडल को इम्पैक्ट-ड्रिवन और स्केलेबल बताते हुए उद्योग-समाज सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। मेयर प्रवीण पोपली ने नगर-ग्रामीण सहयोग से ऐसे नवाचारों को नीति-समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक सामाजिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही। इनमें प्रमुख रूप से ठाकुर दत्त, संजय गर्ग, विजय जैन, विकास चहल, प्रवीण गर्ग, संजय वर्मा, प्रणव सिंगल, वीरा देव, पीयूष अग्रवाल, सांची अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मोहित बंसल, सतीश, अश्वनी, डॉ. रविन्द्र, कमल सर्राफ, भूपेन्द्र, डॉ. केसी अरोड़ा, राजेंद्र फोगाट एवं अन्य स्वयंसेवक भी कार्यक्रम में सहभागी बने और गौ-संवर्धन व जैविक कृषि के इस राष्ट्रोपयोगी प्रयास को अपना सक्रिय समर्थन प्रदान किया।

# दिल्ली-रीवा के बीच चल रही ट्रेन को हिसार तक बढ़ाया जाए: सुनील तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ वरिष्ठ अधिवक्ता ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर उठाई मांग




वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील तिवारी।

शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील तिवारी ने केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर आनंद बिहार दिल्ली से चल कर रीवा जाने वाले ट्रेन बारे आवश्यक सुझाव दिया है। उनका कहना है यदि उनके सुझाव अनुसार ट्रेन का रूट बढ़ाया जाता है तो यात्रियों को सुविधा मिलेगी और उनकी परेशानी कम होगी। एडवोकेट सुनील तिवारी ने रेलमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि ट्रेन नंबर 12427/28 रीवा से चल कर दिल्ली (आनंद विहार) सुबह 6:40 पर पहुचती है और रीवा जाने का समय रात को 10:10 रात्रि को है। यह ट्रेन लगभग 15 घंटे 30 मिनट दिल्ली में खड़ी रहती है। दिल्ली से हिसार के सफर में अब लगभग तीन घंटे का समय लगता है और हिसार से दिल्ली की रेल सेवा बहुत कम है। अगर 12427-28 को हिसार तक किया जाए तो यहां की जनता को काफी लाभ हो सकता है। यह रेल प्रयागराज, चित्रकूट होकर जाती है जो बहुत ही पुण्यदायी स्थल है और हिसार और इसके आसपास के व्यक्ति नियमित तौर से यहां तीर्थयात्रा करने जाते हैं। यहां पर उत्तर प्रदेश के भी बहुत से निवासी रहते है। इन यात्रियों को इसका बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने रेलमंत्री से मांग की है कि इस ट्रेन को हिसार तक बढ़ाया जाए।

### वालीबॉल प्रतियोगिता में खासा महाजन की टीम ने बाजी मारी

**आदमपुर।** सूर्या फाउंडेशन की तरफ से आदर्श गांव योजनाओं के अंतर्गत गांव खासा महाजन में आयोजित वालीबाल खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया जिसमें फाइनल मुकाबला खासा महाजन और भोडा होशनाक के बीच खेला गया। इसमें सुभाष चंद्रा फाउंडेशन खासा महाजन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सूर्या फाउंडेशन की ओर से कामेश्वर विशेष रूप से उपस्थित रहे जबकि गांव के सरपंच बलवान फ़गेड़िया विशिष्ट अतिथि रहे। सभी अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को सशक्त बनाया जाएगा।




हिसार। फ्री हेल्थ कैंप में जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

## मेडिसिटी हॉस्पिटल में फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन

**हिसार।** शहर के मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें मरीजों का चेकअप हुआ जिसमें 50 से अधिक मरीजों ने इस सेवा का लाभ उठाया। डॉ. आर. कुमार ने बताया कि कैंप के दौरान कई टेस्टों में 40 प्रतिशत तक की छूट दी गई, सीटी स्कैन, एमआरआई, ब्लड टेस्ट व ईसीजी आदि। कैंप में सिर की चोट, डिलीवरी व एनपीटी की एनपीटी की जांच, दिमाग की रसौली, कमर में दर्द, डिस्क व हड्डी की जांच मरीजों ने कराई।

■ 50 से अधिक लोगों ने उठाया फायदा, कई टेस्टों में 40 प्रतिशत तक की छूट दी

# नारनौंद में 21 करोड़ से किया जाएगा उपमंडलीय न्यायिक परिसर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नारनौंद में कोर्ट की शुरुआत कर दी गई है। सोमवार को कोर्ट के केसों की सुनवाई शुरू हो जाएगी वहीं 21 करोड रुपए की लागत से नई कोर्ट की बिल्डिंग बनाई जाएगी जिसका शीघ्र ही कार्य शुरू हो जाएगा। जिसका शिलान्यास शनिवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किया। नारनौंद उपमंडलीय न्यायिक परिसर पर 21 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। इस न्यायिक न्यायालय परिसर का निर्माण 1.79 एकड़ में किया जाएगा। न्यायिक न्यायालय परिसर में भू-तल, प्रथम तल तथा द्वितीय तल पर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। भू-तल पर न्यायालय कक्ष, साक्षी कक्ष व अन्य कक्ष, प्रथम तल पर फैमिली कोर्ट, मध्यस्था कक्ष आदि तथा द्वितीय तल पर ममटी एवं मशीन रूम का निर्माण होगा। जब तक नई बिल्डिंग का निर्माण पूरा नहीं हो पाता तब तक उपमंडल परिसर में तहसील की बिल्डिंग को कोर्ट की बिल्डिंग के रूप में तब्दील किया गया है। जिसमें सभी सुविधाएं होगी। और यहां पर जज की नियुक्ति भी कर दी गई है। नारनौंद बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान ने बताया कि वकीलों के लिए चैंबर बनाने की मांग भी रखी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही वकीलों के चेंबर भी बनाए जाएंगे। कोर्ट की शुरुआत कर दी गई है सोमवार से लंबित केसों पर सुनवाई हो सकती हैं। इस संबंध में एसडीएम विकास यादव ने बताया कि एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

■ जल्द शुरू होगा कार्य

### स्वास्थ्य जांच शिविर का 129 नागरिकों ने उठाया लाभ

**बरवाला।** बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट की ओर से वार्ड 12 किसान कॉलोनी में 12 वां स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डा. एकता और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मनदीप सिंह की उपस्थिति में नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर के दौरान कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, क्रिएटिनिन, पीटी तथा थायराइड सहित पांच आवश्यक रक्त जांच किए गए। इस शिविर में कुल 129 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं रक्त परीक्षण की सुविधाओं का लाभ उठाया। संस्था के प्रधान ने बताया कि बरवाला क्षेत्र की सेवाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से फिजियोथैरेपी विभाग में इंग्लैंड की सुप्रसिद्ध कंपनी बीटीएल की क्लास 4 लेजर लगाई गई है जिससे दूर दराज के मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है और अति आधुनिक डेंटल सेटअप की भी सभी तैयारियां पूरी हो गई है और 1 फरवरी से दो डॉक्टरों की डेंटल विभाग में सेवाएं मिलनी शुरू हो जाएगी।

# लंबित भू इंतकाल के मामले निपटाने के लिए लगाए जाएं शिविर: नरवाल

■ हांसी व सिसाय गांव में आयोजित पहले शिविर में निपटाए 518 मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

डीसी राहुल नरवाल के निर्देशानुसार भू इंतकाल के मामलों को निपटाने के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा हांसी तथा सिसाय गांव में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों की अध्यक्षता तहसीलदार डॉ.अनिल कुमार बिढान ने की। शिविरों में राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। हांसी तथा सिसाय क्षेत्र में लंबित भू इंतकालों के मामलों की सुनवाई करते हुए तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान ने कुल 518 भू इंतकाल के मामलों का निपटान किया। शनिवार देर शाम तक चले शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार व सभी पटवारी भी मौजूद रहे। तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान ने बताया कि उपायुक्त राहुल नरवाल के निर्देशानुसार 31 जनवरी तक हर शनिवार को एक या दो गांव में लंबित भू इंतकाल के मामलों को निपटाने के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे।



हांसी। शिविर में लंबित भू इंतकाल के मामलों का समाधान करते तहसीलदार डॉ अनिल कुमार बिढान। फोटो: हरिभूमि

# कापड़ो के रमन गोयत ने नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता मैडल

■ रमन पिछले आठ वर्षों से कर रहा था लागातार अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नौवीं आल इंडिया पुरुष एवं महिला सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन हाल ही में महात्मा बुद्ध यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में हुआ। इसमें देशभर से सैंकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के 60 किलोग्राम भार वर्ग में गांव कापड़ों के रमन गोयत की पहला मुकाबला गोवा के बाक्सर नितेश से हुआ जिसमें रमन गोयत ने उनको 5-0 के अंतराल से हराया और दूसरी मुकाबले में नागालैंड के खिलाड़ी ऊजोहो को भी 5-0 के अंतराल से परास्त किया। तीसरे मुकाबले में बिहार के अमलेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई किंतु सेमीफाइनल में रमन गोयत 3-2 के अंतराल से आर्मी जवान हुस्म ऊदिन से हार गए और ब्राउंज मैडल जीता। रमन गोयत के चाचा और प्रेरणास्त्रोत डॉ. कृष्ण कापड़ो ने बताया कि रमन पिछले आठ वर्षों से बहुत मेहनत कर रहा है। उसका सपना है कि वह एक दिन देश के लिए गोल्ड मेडल जीते। वो सोशल मीडिया से दूर रहता है, डॉ. कृष्ण ने रमन कि जीत का श्रेय उनके गुरु एवं सीनियर बाक्सिंग कोच नवीन शर्मा को दिया।



नारनौंद। विजेता खिलाड़ी रमन कापड़ों को जीतने पर मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।

### हवन यज्ञ के साथ बालिका संस्कार एवं जागरुकता शिविर का समापन

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था की ओर से इंडिक सोलर कंपनी के सहयोग से कुम्हार धर्मशाला, प्रेम नगर में आयोजित तीन दिवसीय बालिका संस्कार एवं जागरुकता शिविर का समापन वैदिक हवन यज्ञ करके किया गया। संस्था की संचालक अनु चिनिया ने बताया कि सभी बच्चों को तीन दिनों में संस्कार, योग, ध्यान, मैक्रमें आर्ट, सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग, जीवन में काम आने वाली महत्वपूर्ण जानकारी, हाइजीन के प्रति जागरुकता इत्यादि गतिविधिया करवाई गई। सभी बच्चों को इंडिक सोलर कंपनी द्वारा उपहार स्वरुप स्वेटर और टोपियां भेंट किए गए। शिविर के दौरान सभी बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था भी इसी कंपनी द्वारा की गई। शिविर के समापन अवसर पर संस्था के मुख्य सदस्य गुलशन ढींगरा, रेणुका वर्मा, रोहतास कुमार, टीना, तुलसी, कामना, रचित, हर्षित, मुकेश, निखिल, मोंटी आदि टीम सदस्य व कंपनी की ओर से अंकुर उपस्थित रहे।

## आचार्य जितेंद्र ने एकाग्रता, श्वसन-संतुलन व ऊर्जा जागरण की विधियों का अभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

समर्थगुरु धारा के तत्वावधान में आज कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संजीवनी ध्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य जितेंद्र द्वारा किया गया। इसमें बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता की। ध्यान सत्र के दौरान साधकों को गहन एकाग्रता, श्वसन-संतुलन और ऊर्जा जागरण की विधियों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने संजीवनी ध्यान के बाद मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आंतरिक स्थिरता का अनुभव होने की बात कही। आचार्य जितेंद्र ने अपने संबोधन में बताया कि संजीवनी ध्यान व्यक्ति को तनाव, चिंता और नकारात्मक भावनाओं से मुक्त कर जीवन में संतुलन स्थापित करने में सहायक होता है। उन्होंने नियमित ध्यान अभ्यास को स्वस्थ और जागरूक जीवनशैली का आधार बताया। इस अवसर पर समर्थगुरु धारा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में ध्यान एक प्रभावी साधन है, जो व्यक्ति को अंदर से मजबूत बनाता है। उन्होंने सभी शहर वासियों से अपील की कि वे 30 जनवरी से 1 फ़रवरी तक चौधरी रिसॉर्ट, हिसार में आयोजित तीन दिवसीय सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर में भाग लेकर इस ध्यान विधि का गहराई से अनुभव करें।



हिसार। कौशिक नगर स्थित ध्यान केंद्र में साधना करने पहुंचे साधक। फोटो: हरिभूमि

# जनकल्याणी दिवस के रूप में मनाया जाएगा कुमारी मायावती का जन्मदिन

■ संविधान आरक्षण और सामाजिक न्याय की रक्षा का संकल्प मायावती का जन्मदिन : महेंद्र धानिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी राम सिंह फौजी के नेतृत्व में प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह धानिया, जिला संयोजक बीएफ राजवीर, हलका उकलाना अध्यक्ष बहादुर सिंह (नंगथला) तथा पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने अग्रोहा मोड़ एवं अग्रोहा गांव मे जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के माध्यम से बहुजन समाज को संगठित करने और राजनीतिक चेतना को मजबूत करने का आह्वान किया गया। इस दौरान नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आमजन को 15 जनवरी को भिवानी स्थित कमला भवन में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। साथ ही पार्टी की नीतियों विचारधारा और संघर्षों से जनता को अवगत कराते हुए भाजपा व कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब किया गया।



हिसार। गांव में बैठक करते बसपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

## हड़ताल: कांग्रेस ने मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ सत्याग्रह करके रखा उपवास

# मनरेगा को खत्म करके ग्रामीण आंचल को मिलने वाली गांरटी को खत्म करने का प्रयास

भाजपा ने मनरेगा का नाम बदलकर दिया संकुचित मानसिकता का परिचय : चन्द्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केन्द्र सरकार पर मनरेगा में बदलाव करके इसे गरीब विरोधी बनाने व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस की ओर से शहर में सत्याग्रह एवं उपवास किया गया। गांधी चौक पर किए गए इस कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने केन्द्र व प्रदेश सरकार पर जमकर हमले गए। हिसार के सांसद जयप्रकाश ने इस अवसर पर कहा कि सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाकर मनरेगा का नाम बदलकर भारत ग्रामीण आजीविका मिशन पास करवा करके महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों को, महात्मा गांधी जी की आत्मा व उनके संघर्ष को मिटाने व खत्म करने का प्रयास किया है। भाजपा द्वारा विकसित भारत रोजगार जी राम जी का जो बिल लोकसभा में पास किया है, हम उसके खिलाफ है और कांग्रेस पार्टी उसके विरोध में आज भूख हड़ताल में बैठी है। भाजपा ने मनरेगा को खत्म करके ग्रामीण आचंल को मिलने वाली गांरटी को खत्म करने का पहला कदम।



हिसार। मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ उपवास पर बैठे कांग्रेसजन। *फोटो: हरिभूमि*

### कांग्रेस ने किया हर वर्ग का विकास

आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश ने इस अवसर पर भाजपा द्वारा मनरेगा का नाम बदलने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि ऐसा करके भाजपा ने संकुचित मानसिकता का परिचय दिया है। कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को अपनाते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा हर वर्ग की चिंता की है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों के लिए काम सुनिश्चित करके उनकी वित्तीय स्थिति को ठीक करने के लिए मनरेगा की शुरुआत की। चंद्रप्रकाश ने कहा कि भाजपा महात्मा गांधी के सिद्धांतों से खिलवाड़ करके मनरेगा को वीबी-जी राम जी का नाम देकर केवल राजनीतिक रोटियां सेक रही है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद कभी भी गरीब, मजदूर, किसान व पिछड़ा वर्ग की कोई सुध नहीं ली। भाजपा ने रोजगारपरक व रचनात्मक योजनाएं शुरू करने की अपेक्षा कांग्रेस के शासनकाल में शुरू की गई जनहित की योजनाओं का केवल नाम बदलने का काम किया है। इसी भांति चौक-चौराहों का नाम बदलकर उसे विकास का नाम दिया गया है।